दिनांक : 11.02.2026 समय : 07.11AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- 17 फरवरी से भारत दौरे पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, भारत-एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे।
- संसद में आज भी केंद्रीय बजट पर चर्चा जारी रहेगी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में महाकाल वन मेले का शुभारंभ करेंगे।
- राज्य सरकार का बड़ा फैसला, 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के परिवार को भी मिलेगी पेंशन।

फ्रांस राष्ट्रपति-भारत दौरा

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत के तीन दिवसीय दौरे पर आएंगे। दौरे के दौरान मुंबई में भारत-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन का शुभारंभ किया जाएगा। राष्ट्रपति मैक्रों नई दिल्ली में 16 से लेकर 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले भारत-एआई इम्पेक्ट समिट में हिस्सा भी लेंगे। इस समिट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भविष्य की तकनीकों पर वैश्विक चर्चा होगी।

भारत-ब्रिटेन सुरक्षा समझौता

भारत ने ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड के साथ सामाजिक सुरक्षा को लेकर एक अहम समझौता किया है। इस समझौते पर नई दिल्ली में विदेश सचिव विक्रम मिसरी और ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने हस्ताक्षर किए। इसका मकसद उन कर्मचारियों को राहत देना है, जो 36 महीने तक अस्थायी तौर पर दूसरे देश में काम करते हैं। अब ऐसे कर्मचारियों को दोनों देशों में अलग-अलग सामाजिक सुरक्षा अंशदान नहीं देना पड़ेगा।

केंद्रीय बजट-चर्चा

संसद के दोनों सदनों में आज भी केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा जारी रहेगी। कल राज्यसभा में अलग-अलग दलों के सांसदों ने बजट को लेकर अपने-अपने विचार रखे। कुछ सांसदों ने बजट को आर्थिक स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने वाला बताया। वहीं विपक्षी सांसदों ने बच्चों के खर्च, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर चिंता जताई। लोकसभा में भी बजट पर बहस हुई, जहां सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

महाकाल वन मेला शुभारंभ -मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में महाकाल वन मेले का शुभारंभ करेंगे। यह मेला 16 फरवरी तक "समृद्ध वन, खुशहाल जन" थीम पर आयोजित होगा। मुख्यमंत्री इस मौके पर प्राकृतिक होली गुलाल, महाकाल स्मृति उपहार और 'महाकाल वन प्रसादम' की शुरुआत करेंगे। उज्जैन में पहली बार आयोजित हो रहे इस मेले में वन उत्पादों और हर्बल चीज़ों की प्रदर्शनी लगेगी। इसके साथ ही मेले में वनवासियों, स्वयं सहायता समूहों और आयुर्वेद से जुड़े उत्पादों की करीब 250 स्टॉल्स होंगी।

राज्य विधानसभा बजट सत्र

राज्य की विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र 6 मार्च तक चलेगा, जिसमें बजट समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। राज्य के सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कश्यप ने बजट सत्र की तैयारियों को लेकर जानकारी दी है-

पेंशन-कैबिनेट बैठक

राज्य सरकार ने कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लिया है। करीब 50 साल पुराने पेंशन नियम में बदलाव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। अब 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के परिवार को भी पारिवारिक पेंशन मिलेगी। कर्मचारी के निधन पर पत्नी और फिर आश्रितों को पेंशन का लाभ मिलेगा। वहीं तलाकशुदा, परित्यक्ता, विधवा और अविवाहित बेटियां भी पारिवारिक पेंशन की हकदार होंगी। सरकार का कहना है कि इस फैसले से प्रदेश के करीब सात लाख कर्मचारियों और उनके परिवारों को फायदा होगा।

एआई समिट-आईटी राज्य मंत्री-जितिन प्रसाद

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कल नई दिल्ली में इंडिया एआई प्रदर्शनी बस को हरी झंडी दिखाई। यह बस 16 फरवरी से शुरू होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की तैयारियों का हिस्सा है। इस बस का मकसद युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल और फायदों के बारे में समझाना है। बस स्कूलों, कॉलेजों और आईटीआई में जाकर एआई की ट्रेनिंग देगी।

नवग्रह शक्ति पीठ-डबरा, हादसा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डबरा की घटना पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। हादसे में जान गंवाने वाली महिला के परिजन को 4 लाख रुपये दिए जाएंगे, वहीं गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं और एक बच्ची को एक-एक लाख रुपये की सहायता मिलेगी। कल डबरा के नवग्रह शक्ति पीठ में कलश वितरण के दौरान भगदड़ मच गई थी. इस घटना में एक महिला की मौत हुई और कई लोग घायल हो गए।

राज्य आयुष मंत्री-केंद्रीय आयुष मंत्री मुलाकात

राज्य के आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उज्जैन में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना का अनुरोध किया। श्री परमार ने नए आयुर्वेद और होम्योपैथी कॉलेज खोलने के साथ ही वैलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने की मांग रखी। उन्होंने टीकमगढ़ में 50 बिस्तरों वाला आयुष अस्पताल खोलने के लिए भी केंद्र से सहयोग मांगा।

12वीं बोर्ड परीक्षाएं

राज्य में 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं कल से शुरू हो गई हैं। पहले दिन अंग्रेजी का पेपर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। हालांकि, भोपाल और ग्वालियर संभाग में नकल के कुल 13 मामले सामने आए हैं। बोर्ड के मुताबिक बाकी सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्थित और शांत रही। इस साल करीब 7 लाख छात्र बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

शिक्षक भर्ती-अभ्यर्थी आंदोलन

राज्य में शिक्षक भर्ती को लेकर चयनित अभ्यर्थियों का आंदोलन जारी है। कल भोपाल में आंबेडकर पार्क और डीपीआई कार्यालय के बाहर दूसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। अभ्यर्थी पदों की संख्या बढ़ाने और जल्द नियुक्ति की मांग कर रहे हैं।

टाइम ऑफ डे योजना -बिजली बिल छूट

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जनवरी में करीब 5 लाख 20 हजार उपभोक्ताओं को टाइम ऑफ डे योजना के तहत बिजली बिल में छूट दी है। इस दौरान कुल 3 करोड़ 61 लाख रुपये से ज्यादा की रियायत दी गई है।

फाइलेरिया बीमारी-जागरूकता अभियान

राज्य के आठ जिलों के 12 ब्लॉकों में एमडीए-2026 अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वर्चुअल तरीके से की। इसका मकसद फाइलेरिया जैसी बीमारी से लोगों को बचाना है।

52वां खजुराहो नृत्य समारोह

विश्व धरोहर खजुराहो में 52वां खजुराहो नृत्य समारोह 20 फरवरी से शुरू होगा। यह आयोजन 26 फरवरी तक चलेगा। इस साल समारोह की थीम 'नटराज' रखी गई है, जो नृत्य की आध्यात्मिक ऊर्जा को दर्शाती है। समारोह में दिग्गज कलाकार प्रस्तुति देंगे। इसमें भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी और मोहिनीअट्टम जैसे नृत्य रूप देखने को मिलेंगे।

मौसम

राज्य में अब धीरे-धीरे गर्मी का असर दिखने लगा है। भोपाल और इंदौर समेत प्रदेश के 15 शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। हालांकि, रात के समय ठंड अभी बनी हुई है और 11 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल बारिश के आसार कम हैं। 13 और 16 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव हो सकता है।

क्रिकेट

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में पाकिस्तान ने अमरीका को 32 रन से हरा दिया। यह मुकाबला कल रात कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया।

समाचार संक्षेप में .....

- मंडला में मोटे अनाज को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विकास विभाग 13 और 14 फरवरी को दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन पुलिस ग्राउंड मंडला में किया जाएगा, जो दोनों दिन शाम 4 बजे से शुरू होगा।
- खण्डवा जिले में कुष्ठ रोगी खोज अभियान आज से शुरू हो रहा है, जो 5 मार्च तक चलेगा। इस अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की पहचान करेगी।
- विश्व एनीमिया दिवस के मौके पर कल जबलपुर के शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मनमोहन नगर में एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

-------